हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बुधवार, 31 जनवरी 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

PAGE NO-6. RIGHT BOTTOM

अनंत की कप्तानी में उत्तर प्रदेश की खिताबी जीत

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

राज सिंह डूंगरपुर अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को हरा खिताबी जीत हासिल की। इस जीत में टीम के कप्तान अनंत भटनागर ने अहम भूमिका निभाई।

बरेली के रहने वाले अनंत ने लगातार दूसरे साल अपनी कप्तानी में उत्तर प्रदेश को खिताबी जीत दिलवाई है। प्रतियोगिता मेरठ में खेली गई थी। फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 269 रन बनाए। बदले में राजस्थान की टीम 148 रन ही बना सकी। दूसरी इनिंग में उत्तर प्रदेश की टीम ने तीन विकेट पर 195 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। मैच खत्म होने तक राजस्थान की टीम 1 विकेट खोकर 55 रन ही बना सकी। पहली पारी की बढ़त के आधार पर उत्तर प्रदेश को विजेता घोषित किया गया। अनंत ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए टूर्नामेंट में चार मैच में 14 विकेट चटकाए। अनंत की सफलता पर एसआरएमएस चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति और कोच मनीष सिंह ने खुशी जताई।